# पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in


# प्रेस-नोट, जनपद भदोही

*पत्र संख्या- 04 /2025* *दिनांक- 03.04 .2025*

**श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक-2/3.04.2025 की रात्रि को **श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही** के पर्यवेक्षण में थाना भदोही व एस0ओ0जी0/सर्विलांस सेल की संयुक्त पुलिस टीम थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत मोबाइल क्षेत्र की घटना सहित अन्य मोबाइल छिनैती व वाहन चोरी की घटनाओं को कारित करने वाले गिरोह में शामिल ₹25,000/- पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त को पुलिस में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिंदा व खोखा कारतूस तथा चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

**थाना भदोही: पुलिस मुठभेड़ में थाना भदोही पर पंजीकृत मोबाइल चोरी की घटनाओं को कार्य करने वाले गिरोह में शामिल ₹25,000/- पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त अलीम उर्फ नन्हका के पैर में लगी गोली। अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, एक अदद जिंदा व खोखा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बरामद**

## पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण:-

थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत जाहिदपुर मार्ग पर मोटरसाइकिल सवार बदमाशों द्वारा राहगीर के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग जाने की घटना के संबंध में तत्समय ही मु0अ0सं0-110/2025 धारा-134 बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा दिनांक 19/20.03.2025 को रात्रि चेकिंग के दौरान उपरोक्त मोबाइल छिनैती की घटना को कारित करने वाले गिरोह के 03 लुटेरों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करते हुए कब्जे से थाना भदोही अंतर्गत मोबाइल छिनैती की घटना से सम्बन्धित वीवो एंड्राइड मोबाइल फोन व तीन अन्य स्थानों से लूट/चोरी की गई **03 अदद मोबाइल सहित कुल-04 अदद मोबाइल फोन, चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल तथा एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिंदा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद** किया गया था। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर करने तथा नाजायज तमंचा मय खोखा व जिंदा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के संबंध में अभियुक्तों के विरुद्ध थाना भदोही पर मु0अ0स0 140/25 धारा 109(1), 317(4),3 (5) बी.एन.एस. व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरोह में शामिल/मौके से फरार हुए अभियुक्त अलिम उर्फ नन्हका पुत्र वकील तथा एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा **₹25,000/- पुरस्कार** घोषित किया गया था।

## गिरफ्तारी का विवरण:-

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन व श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक-2/3.04.2025 की रात्रि में थाना भदोही व एसओजी सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत सहित विभिन्न स्थानों पर राहगीरों के साथ मोबाइल छिनैती की घटना व वाहन चोरी की घटनाओं को कारित करने वाले गिरोह में शामिल ₹25,000/- पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त अलिम उर्फ नन्हका पुत्र वकील निवासी बाजार सरदार खां थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में अभियुक्त के दाएं पैर में गोली लगी है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, एक अदद जिंदा व खोखा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बल पर जान से मारने की नीयत से फायर करने तथा नाजायज तमंचा मय खोखा व जिंदा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध अंतर्गत धारा 109(1), 317(4),3 (5) बी.एन.एस. व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## पूछताछ का विवरण:-

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि हम लोगों का अपने आर्थिक, भौतिक व दुनियाबी लाभ हेतु नाजायज संगठित गिरोह है। हरिस पुत्र अनवर निवासी बंधवा नई बस्ती थाना व जनपद भदोही, अतीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी आलमपुर नई बस्ती

थाना व जनपद भदोही, मकसूद पुत्र मो0 जहीर अंसारी निवासी धमहापुर थाना व जनपद भदोही अर्श अली पुत्र आजाद अली निवासी बाजार सरदार खां थाना व जनपद भदोही के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करते हैं। कुछ मोटरसाइकिलों को बेच देते हैं तथा कुछ चोरी किए गए मोटरसाइकिलों का प्रयोग छिनैती में किया जाता है।

**अपराध का तरिका:-** संगठित होकर पेशेवर तरीके से राहगीरों के साथ मोबाइल छिनैती व मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

अलिम उर्फ नन्हका पुत्र वकील निवासी बाजार सरदार खां थाना व जनपद भदोही उम्र करीब 21 वर्ष

**बरामदगी का विवरण:-**

अभियुक्त के कब्जे एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, एक अदद जिंदा व खोखा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस

**अनावरण अभियोग का विवरण-**

1.मु0अ0सं0-140/2025 धारा 109(1),317(4),3(5) बीएनएस थाना व जनपद भदोही

**पंजीकृत अभियोग**

1.मु0अ0सं0- धारा 109(1),317(4) बी.एन.एस. थाना व जनपद भदोही.

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास का विवरण:-**

1.मु०अ०स० 382/2022 धारा 392,411 भादवि थाना जनपद गोपीगंज भदोही
2.मु०अ०स०-252/2022 धारा 392,411 भादवि ज्ञानपुर भदोही
3.मु०अ०स०002/2023 धारा 3 (1) उ०प्र० गैगेस्टर एक्ट दुर्गागंज भदोही
4.मु०अ०स०074/2022 धारा 34,401,411 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट दुर्गागंज भदोही
5.मु०अ०स०140/2025 धारा 109 (1),3(5),317(4) बीएनएस व 25.3 भदोही भदोही आर्म्स एक्ट
6.मु०अ०स०331/2022 धारा 392,411 भादवि भदोही भदोही
7.मु०अ०स०330/2022 धारा 392,411 भादवि भदोही भदोही

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

टीम(I)-

1. नि0 सच्चिदानंद पाण्डेय
2. हे0का0 अजय सिंह
3. आ0 अभिषेक पाल
4. आ0 शाहरुख खान थाना व जनपद भदोही

टीम(II)-

1. निरी0 श्याम बहादुर यादव प्रभारी एस0ओ0जी0/ सर्विलांस सेल
2. हे0का0 धीरेन्द्र श्रीवास्तव एस0ओ0जी0
3. हे0का0 हरिकेश यादव एस0ओ0जी0
4. हे0का0 बृजेश सिंह सुर्यवंशी एस0ओ0जी0
5. हे0का0 राधेश्याम कुशवाहा
6. का0 प्रवेश कुमार एस0ओ0जी0
7. का0 गोपाल खरवार सर्विलांस सेल
8. का0 नीरज यादव सर्विलांस सेल
9. का0 राघवेन्द्र कुशवाहा
10. का0 अहम सिंह एस0ओ0जी0
11. का0 प्रिन्स भार्गव सर्विलांस सेल



उत्तर प्रदेश पुलिस